Construction Work of the Road

***21 (*14/17/267) SH. PARDEEP CHAUDHRY, M.L.A.:-** Will the Deputy Chief Minister be pleased to state:-

a) the time by which the construction work of the road from Mauli to Bhurewala was to be completed in the Kalka Assembly Constituency; and

b) the reasons for the delay in completion of the abovesaid road togetherwith the reasons of breaking of road even at the time of its construction?

DUSHYANT CHAUTALA, DEPUTY CHIEF MINISTER, HARYANA

Sir,

a) The stipulated date of completion for the work was 24.11.2022.

b) The work was completed on the scheduled date. However, due to heavy flood in July/August, 2023 some patches developed. These have been repaired by the contractual agency and the road is in good condition now.

सड़कों की मरम्मत करना

***21 (14/17/267) श्री प्रदीप चौधरी, विधायक (कालका) :-** क्या उप-मुख्यमंत्री कृपया बतांएगे कि:-

(क) कालका विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र में मौली से भूरेवाला सड़क का निर्माण कार्य कब तक पूरा किया जाना था; तथा

(ख) उपरोक्त सड़क को पूरा करने में देरी के कारण क्या है तथा इसके निर्माण के समय भी सड़क के टूटने के कारण क्या है?

दुष्यंत चौटाला, उप-मुख्यमंत्री, हरियाणा

महोदय,

(क) कार्य पूर्ण होने की निर्धारित तिथि 24.11.2022 थी।

(ख) निर्धारित तिथि पर कार्य पूरा कर लिया गया। हालांकि, जुलाई/अगस्त, 2023 में भारी बाढ़ के कारण कुछ हिस्से में गड्ढे विकसित हुए। इनकी मरम्मत ठेका एजेंसी द्वारा कराई गई है और सड़क अब अच्छी स्थिति में है।

श्री प्रदीप चौधरी, विधायक (कालका) द्वारा उठाया गया
तारांकित विधानसभा प्रश्न संख्या *21 (14/17/267)

पैड के लिए नोट

मौली से भूरेवाला:- इस सड़क की कुल लंबाई 13.40 किलोमीटर है। इस सड़क का राइट ऑफ वे (आर.ओ.डब्लयू) किमी 54.00 से 67.40 तक 88 फीट है। किमी 54.00 से 59.78 तक और किमी 63.29 से 67.40 (लंबाई 10.39 किमी) तक सड़क को 7.00 मीटर से 10.00 मीटर तक चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण हेतु प्रस्तावित किया गया था और रायपुर रानी शहर के शहरी हिस्से को किमी 59.78 से 63.29 (लंबाई 3.51 किमी) तक चार लेन के लिए प्रस्तावित किया गया था। इस कार्य के प्रारम्भ होने की तिथि 25.05.2021 तथा पूर्ण होने की तिथि 24.11.2022 थी। वर्तमान में यह सड़क 23.11.2025 तक दोष दायित्व अवधि (डीएलपी) के अंतर्गत है। सड़क की स्थिति अच्छी है।